प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।
प्रसारण तिथि : 31.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेपालगंज रोड, नानपारा–बहराइच रेलखंड का किया शुभारंभ : मुख्यमंत्री ने कहा– सीमा की सुरक्षा और क्षेत्र की समृद्धि को बढ़ावा देगा यह कदम।
- प्रयागराज के मोहम्मदपुर गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 11 लोगों की मौत, 5 गंभीर रूप से घायल : राहत और बचाव कार्य जारी।
- अयोध्या में 2 सितंबर को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की होगी अहम बैठक : ट्रस्ट के सीईओ समेत अन्य रिक्त पदों पर हो सकता है फैसला।
- प्रदेश में रुक–रुक हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर : 17 जिलों की एक लाख 70 हज़ार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बहराइच में आयोजित कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वर्चुअली नेपालगंज रोड–नानपारा–बहराइच रेल खंड का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने इस खंड पर नेपालगंज रोड–वाराणसी सिटी विशेष गाड़ी को भी रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नए रेल खंड और ट्रेनों से मिली कनेक्टिविटी प्रदेश में केवल बॉर्डर क्षेत्र की सुरक्षा और सुविधा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

*यह कनेक्टिविटी हमारे लिए केवल बॉर्डर क्षेत्र की सिक्योरिटी के लिए और सुविधा के लिए नहीं बल्कि इस पूरे क्षेत्र की प्रॉस्पेरिटी के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके कारण इस क्षेत्र में विकास के अनंत संभावनाएं बढ़ेंगी। उद्योग लगेंगे, व्यापार बढ़ेगा, पर्यटन और कृषि को एक नया आयाम मिलेगा।*

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्रीने नेपाल में हुई त्रासदी में जान गंवाने वाले को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भारत सरकार की ओर से अपने मित्र राष्ट्र नेपाल के सहयोग के लिए त्वरित कदम उठाए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आभार जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस नए रेल खंड की शुरुआत से यात्रियों को अधिक सुगम आवागमन मिलेगा और क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी के साथ विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि गेज परिवर्तन के साथ, नानपारा, मटेरा, रिसिया, बहराइच, बभनान और नेपालगंज व्यापक रेलवे नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। कार्यक्रम में उन्होंने नेपाल में

आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत सरकार नेपाल के प्रभावित क्षेत्रों में सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सीमा से लगे रेलवे जोन के अधिकारी भी लगातार राज्य के अधिकारियों और विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर आपदा प्रभावितों को मदद पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

*भारत सरकार नेपाल के प्रभावित क्षेत्रों में मदद पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और रेलवे भी इस प्रयास में जुड़ा है। रेलवे के जो बॉर्डर के जोन है नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे, एनसीआर, ईसीआर और एनएफआर के कुछ हिस्से इन सब के साथ में लगातार संपर्क में हूं और रेलवे के अधिकारी जिले के अधिकारियों के साथ, राज्य के अधिकारियों के साथ और एमईए के कोऑर्डिनेशन में लगातार काम कर रहे हैं। जहां पर भी रेस्क्यू होकर यात्री पहुंचे उन सब के लिए स्पेशल कोच लगा के व्यवस्था करके उनको अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाने का भी रेलवे ने लगातार प्रयास किया है।*

कार्यक्रम में डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज शुरू की गई परियोजना से नेपाल के लोगों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

—————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान से संबंधित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस आयोजन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी समेत अन्य वरिष्ठ नेता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, समर्पण और अनवरत सेवा के 25 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा पूरे एक महीने तक सेवा के कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

*आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा समर्पण और कर्तव्य पथ पर लगातार 25 साल अनवरत सेवा के जो वर्ष पूरे हो रहे हैं ऐसे अवसर पर पूरे एक माह तक यह सेवा का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी चलाएगी जिसमें रक्तदान और युवाओं को और जो निसहाय लोग हैं उनकी सबकी मदद करके हम गांव–गांव घर–घर गली–गली जाएंगे।*

—————

प्रयागराज के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में आज एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री के अलावा सौ मीटर के दायरे में आठ मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे के समय फैक्ट्री में 20 मजदूर काम कर रहे थे। पुलिस, एयरफोर्स, एनडीआरएफ और एसडीआरफ के करीब दो सौ जवान राहत और बचाव कार्य में

जुटे हैं। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने बताया कि मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका को देखते हुए कई जेसीबी मशीनें लगाकर तलाश और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से घायलों के उपचार और राहत–बचाव कार्य की निगरानी की जा रही है।

———————

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक 2 सितंबर को मणिरामदास छावनी के चार धाम में आयोजित होगी। बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो चरणों में प्रस्तावित इस बैठक में ट्रस्ट के महासचिव और दो रिक्त सदस्य पदों को लेकर चर्चा होगी। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के सीईओ पद को लेकर भी फैसला होने की संभावना है। ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास ने बताया कि बैठक में सभी मुद्दों पर ट्रस्ट के सदस्यों की सहमति के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

———————

हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड में फरार दो बदमाश आज सुबह शामली में पुलिस की मुठभेड़ में मारे गए। इन दोनों शूटरों पर 50–50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में दो आरक्षी भी घायल हुए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि 4 लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से इस हत्या को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस शेष अपराधियों की गिरफ़्तारी का प्रयास कर रही है।

*अभी तक की जांच से यह संकेत मिलता है कि यह कोई अचानक हुई वारदात नहीं थी बल्कि इसके पीछे पूरी एक प्री प्लान प्लानिंग थी। शूटर्स का मोबिलाइजेशन था। हत्या के बाद का एस्केप प्लान था और सुनियोजित क्रिमिनल कॉन्सपरेसी भी थी। उत्तर प्रदेश पुलिस इस हत्याकांड में शामिल शेष अपराधियों उनके नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां हमको प्राप्त हुई हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें कार्य कर रही हैं।*

इस बीच केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने आज शामली पहुंचकर अंकित के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

———————

प्रदेश में रुक रुक हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण 17 जिलों की करीब 1 लाख 70 हज़ार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। सरकार की ओर से अब तक 16 सौ 35 बाढ़ चौकियां और 254 बाढ़ शरणालय स्थापित किये जा चुके हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे गंगा किनारे बसे कई इलाकों में पानी घरों

तक पहुंच गया है। एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासन ने बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की हैं, साथ ही ड्रोन से स्थिति की निगरानी की जा रही है।

*जो ऐसा क्षेत्र है, जो बाढ़ प्रभावित जिसको हम लोग कहते हैं, वरुणा से लगा हुआ क्षेत्र वहां पर बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की गई हैं, जहां पर पुलिस और प्रशासन की तैनाती की गई है। मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। उसमें एनडीआरएफ जो हमारी बाढ़ राहत पीएसी है, उसका डिप्लॉयमेंट और जल पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर है, पेट्रोलिंग कर रहे हैं। जो ये एरिया हमारा दशा समेत घाट और आसपास का नावों का संचालन लगातार बंद किया गया है। साथ–साथ में जो गंगा आरती है, उसके स्थल में भी परिवर्तन किया गया है।*

उधर, चित्रकूट में रामघाट पर मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। वहीं यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से राजापुर और मऊ

*जिले में 24 बाढ़ चौकियां, चिकित्सकीय स्टाफ और आवश्यक दवाओं के साथ संचालित हैं। एंबुलेंस सेवाएं अलर्ट पर हैं, जबकि अस्पतालों में अतिरिक्त बेड आरक्षित किए गए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और रैन बसेरों में भी मेडिकल टीमें तैनात हैं और रैपिड रिस्पॉन्स टीमें 24 घंटे सक्रिय हैं। ज़िले में बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी और गैर–सरकारी विद्यालयों में कक्षा 8 तक के छात्र–छात्राओं के लिए आज और कल अवकाश घोषित किया गया है। अजय प्रताप आकाशवाणी समाचार चित्रकूट।*